भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2190 का उत्तर

कोकरायणपेट्टई स्टेशन पर डबल-वे फ्लाई ओवर

2190. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सेलम रेल डिवीजन के अंतर्गत कोकरायणपेट्टई में रेलवे फाटक एल.सी.-5 के लिए डबल-वे फ्लाई ओवर का प्रस्ताव रेलवे के पास लंबित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए उक्त प्रस्ताव को स्वीकार करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): 01.02.2025 तक, तमिलनाडु राज्य में 4769 करोड़ रुपए की लागत पर 250 ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से, 88 कार्य भूमि अधिग्रहण और राज्य सरकार द्वारा बंद करने की अनुमति मिलने आदि में हुए विलंब के कारण रुके हुए हैं।

वर्ष 2020-21 में सेलम मंडल के इरोड-तिरुचिरापल्ली खंड पर इरोड और चावडीपलायम स्टेशनों के बीच कि.मी. 5/400-500 (कोकरायणपेट्टई) पर समपार संख्या-5

के स्थान पर दो लेन के ऊपरी सड़क पुल के निर्माण कार्य को स्वीकृत किया गया था। यह कार्य दोहरी इकाई आधार पर अर्थात् रेलवे का भाग रेल द्वारा और पहुंच मार्ग का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके पश्चात् मार्च 2023 में, तमिलनाडु राज्य सरकार के राजमार्ग विभाग ने निक्षेप शर्तों पर अतिरिक्त दो लेन के लिए अनुरोध किया है। तदनुसार, रेलवे द्वारा चार लेन के उपरी सड़क पुल के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) को अनुमोदित किया गया है।

******